## आपात उपबंध

1. भारत के संविधान के अंतर्गत कितने प्रकार की आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विचार किया जा सकता है ?
(अ) 2 (ब) 4
(स) 3 (द) 1
उत्तर : (स) SSC 2001

2. भारत का राष्ट्रपति किस प्रकार के आपातकाल की उद्घोषणा कर सकता है ?
(अ) राष्ट्रीय आपातकाल
(ब) राज्यीय संवैधानिक आपातकाल
(स) वित्तीय आपातकाल
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

3. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा राष्ट्रपति करता है ?
(अ) अनुच्छेद 352 (ब) अनुच्छेद 356
(स) अनुच्छेद 360 (द) अनुच्छेद 368
उत्तर : (अ) RRB 2004, BPSC 2011

4. अब तक कितनी बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा राष्ट्रपति द्वारा की जा चुकी है ?
(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) 5
उत्तर : (ब)

5. राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा किन परिस्थितियों में कर सकता है ?
(अ) युद्ध (ब) बाह्य आक्रमण
(स) सशस्त्र विद्रोह (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

6. बाह्य आक्रमण के आधार पर अब तक राष्ट्रपति ने कितनी बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा की है ?
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) 4
उत्तर : (ब)

7. आंतरिक अशांति के आधार पर अब तक किती बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा राष्ट्रपति द्वारा की गई है ?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार
उत्तर : (अ)

8. देश में पहली बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा कब की गई ?
(अ) 26 अक्टूबर, 1962 (ब) 4 सितम्बर, 1962
(स) 5 नवम्बर, 1962 (द) 16 दिसम्बर, 1962
उत्तर : (अ) RRB 2006

9. देश में दूसरी बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा कब की गई ?
(अ) 14 दिसम्बर, 1966 (ब) 9 अगस्त, 1969
(स) 3 दिसम्बर, 1971 (द) 25 जून, 1975
उत्तर : (स)

10. राष्ट्रपति ने तीसरी बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा कब की ?
(अ) 26 अगस्त, 1962 (ब) 3 दिसम्बर, 1971
(स) 25 जून, 1975 (द) 27 मार्च, 1977
उत्तर : (स)

11. तीसरी बार राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा राष्ट्रपति ने किस आधार पर की ?
(अ) युद्ध (ब) बाह्य आक्रमण
(स) आंतरिक अशांति (द) सशस्त्र विद्रोह
उत्तर : (स)

12. प्रथम राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा के समय देश के राष्ट्रपति कौन थे ?
(अ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ब) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(स) डॉ. जाकिर हुसैन (द) वी.वी. गिरि
उत्तर : (ब)

13. द्वितीय राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा के समय देश के राष्ट्रपति कौन थे ?
(अ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ब) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(स) डॉ. जाकिर हुसैन (द) वी.वी. गिरि
उत्तर : (द)

14. 1975 में तीसरे राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा किसने की ?
(अ) डॉ. जाकिर हुसैन
(ब) डॉ. वी.वी. गिरि
(स) बी.डी. जत्ती
(द) फखरूद्दीन अली अहमद
उत्तर : (द)

15. 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 ने अनुच्छेद 352 में किस शब्द के स्थान पर सशस्त्र विद्रोह शब्द रखे गये ?
(अ) आंतरिक अशांति
(ब) हिंसात्मक आन्दोलन
(स) संवैधानिक विफलता
(द) षड़यंत्र
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

16. 1975 के राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा के संबंध में कौनसा कथन सही है ?
(अ) मंत्रिमंडल के मौखिक सिफारिश पर राष्ट्रपति ने उद्घोषणा की
(ब) मंत्रिमंडल के लिखित सिफारिश पर राष्ट्रपति ने उद्घोषणा की
(स) प्रधानमंत्री के लिखित सिफारिश पर राष्ट्रपति ने उद्घोषणा की
(द) मंत्रिमंडल के अनुमोदन के पूर्व ही प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने यह उद्घोषणा की
उत्तर : (द)

17. राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा को संसद के समक्ष उसकी स्वीकृति हेतु रखा जाना आवश्यक है–
(अ) एक माह के अन्दर
(ब) दो माह के अन्दर
(स) एक वर्ष के अन्दर
(द) छह माह के अन्दर
उत्तर : (अ) UPPCS 2004

18. राष्ट्रीय आपातकाल की अधिकतम अवधि की सीमा है–
(अ) दो वर्ष (ब) तीन वर्ष
(स) 5 वर्ष (द) कोई समय सीमा नहीं
उत्तर : (द)

19. राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा कर सकते हैं–
(अ) जब उन्हें लगे कि भारत की सुरक्षा खतरे में है
(ब) प्रधानमंत्री उन्हें ऐसा करने का परामर्श दे
(स) उन्हें ऐसा करने के लिए केन्द्रीय कैबिनेट का लिखित निर्णय प्राप्त हो
(द) संसद ऐसी उद्घोषणा के लिए प्रस्ताव पारित करे
उत्तर : (स)

20. राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा का स्वतः प्रभाव होता है–
(अ) अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्राप्त मूल अधिकारों का निलम्बन
(ब) अनुच्छेद 20 व 21 के अंतर्गत प्राप्त मूल अधिकारों को छोड़कर शेष सभी मूल अधिकारों का निलम्बन
(स) राज्यों में राष्ट्रपति शासन का प्रवर्तन
(द) न्यायालयों की सभी प्रकार की रिट जारी करने की शक्ति पर प्रतिबंध
उत्तर : (ब)

21. राष्ट्रीय आपातकाल में संविधान की संघीय प्रकृति का क्या होता है ?
(अ) समाप्त कर दी जाती है
(ब) निलंबित कर दी जाती है
(स) वैसी ही बनी रहती है
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

22. 44वें संशोधन के पश्चात् राष्ट्रपति को निम्नलिखित परिस्थितियों में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने का अधिकार प्राप्त है–
(अ) युद्ध, बाह्म आक्रमण या आन्तरिक अशांति से उत्पन्न परिस्थिति
(ब) युद्ध, बाह्म आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से उत्पन्न परिस्थिति
(स) केवल युद्ध या बाह्म आक्रमण की स्थिति में
(द) युद्ध, आंतरिक गड़बड़ी या सैनिक उपद्रव के समय
उत्तर : (ब)

23. राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकते है–
(अ) हथियारबंद विद्रोह के आधार पर
(ब) बाहरी आक्रमण के आधार पर
(स) युद्ध के आधार पर
(द) ऊपर वर्णित सभी कारणों के आधार पर
उत्तर : (द) BPSC 1994

24. भारतीय संविधान क अनुच्छेद 352 के अनुसार राष्ट्रीय आपात की घोषणा निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में की जा सकती है ?
(अ) संवैधानिक मशीनरी की विफलता
(ब) बाह्म आक्रमण
(स) आंतरिक अशांति
(द) युद्ध, बाह्म आक्रमण, सशस्त्र विद्रोह
उत्तर : (द)

25. संसद के दोनों सदनों को कितने दिनों के अंदर युद्ध अथवा बाहरी आक्रमण के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति की घोषणा करने की मंजूरी देनी चाहिए ?
(अ) 15 दिनों में (ब) 1 महीने में
(स) 2 महीने में (द) 3 महीने में
उत्तर : (ब) UPPCS 2008

26. युद्ध या बाह्म आक्रमण के कारण की गई आपातकाल की घोषणा का संसद द्वारा अनुमोदन होना चाहिए ?
(अ) एक महीने में (ब) दो महीने में
(स) तीन महीने में (द) चार महीने में
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

27. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल होने पर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है ?
(अ) अनुच्छेद 352 (ब) अनुच्छेद 354
(स) अनुच्छेद 355 (द) अनुच्छेद 356
उत्तर : (द) SSC 2011

28. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की उद्‌घोषणा किस व्यक्ति के प्रतिवेदन मिलने पर राष्ट्रपति करता है ?
(अ) राज्य के राज्यपाल
(ब) राज्य के मुख्यमंत्री
(स) राज्य के गृहमंत्री
(द) राज्य के विधानसभाध्यक्ष
उत्तर : (अ)

29. राज्य में राष्ट्रपति शासन से तात्पर्य राज्य में किसके शासन से है ?
(अ) सीधे राष्ट्रपति से
(ब) कार्यकारी सरकार से
(स) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीति मुख्यमंत्री के
(द) राज्य के राज्यपाल
उत्तर : (द) RRB 2003, SSC 2011

30. राष्ट्रपति द्वारा राज्यों में राष्ट्रपति शासन उद्‌घोषणा के कितने दिनों के भीतर संसद की स्वीकृति आवश्यक है ?
(अ) एक माह (ब) दो माह
(स) छह माह (द) एक वर्ष
उत्तर : (ब)

31. किसी राज्य में सामान्यतः किसके परामर्श राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है ?
(अ) राज्यपाल (ब) मुख्यमंत्री
(स) राज्य विधानसभा (द) राज्य उच्च न्यायालय
उत्तर : (अ)

32. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की प्रारम्भिक अवधि कितनी होती है ?
(अ) 1 वर्ष (ब) 3 माह
(स) 6 माह (द) 2 वर्ष
उत्तर : (स)

33. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन के लागू हो जाने पर निम्न में से किस कृत्यों के अलावा राज्य प्रशासन के सभी कृत्य संघीय नियंत्रण में आ जाते हैं ?
(अ) विधायनी (ब) कार्यपालक
(स) न्यायिक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

34. राष्ट्रपति शासन किसी भी परिस्थिति में एक वर्ष से अधिक समय तक लागू नहीं हो सकता है, परन्तु यह अवधि तीन वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है, यदि–
(अ) आपातकाल की घोषणा भारतीय संविधान की धारा 352 के अंतर्गत की गई हो
(ब) प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से प्रार्थना करे कि अवधि बढ़ा दी जाए
(स) चुनाव आयोग घोषणा करे कि परिस्थिति चुनाव योग्य नहीं है
(द) सुप्रीम कोर्ट स्वीकृति दे दे
उत्तर : (स)

35. संसद द्वारा प्रस्ताव पारित होने पर किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन एक बार में कितने समय के लिए लागू होता है ?
(अ) 1 माह (ब) 2 माह
(स) 6 माह (द) 12 माह
उत्तर : (स)

36. किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन किसी परिस्थिति में अधिकतम कितनी अवधि तक लागू की जा सकती है ?
(अ) 2 वर्ष (ब) 3 वर्ष
(स) 4 वर्ष (द) 5 वर्ष
उत्तर : (ब)

37. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा राष्ट्रपति शासन की 6 माह की अवधि को बढ़ाकर कितना कर दिया गया था ?
(अ) 9 माह (ब) 12 माह
(स) 15 माह (द) 18 माह
उत्तर : (ब)

38. प्रथम बार राष्ट्रपति शासन कब लागू किया गया ?
(अ) 4 अप्रैल, 1951 (ब) 20 जून, 1951
(स) 27 अप्रैल, 1951 (द) 23 दिसम्बर, 1951
उत्तर : (ब)

39. प्रथम बार राष्ट्रपति शासन किस राज्य में लागू किया गया ?
(अ) पश्चिम बंगाल (ब) केरल
(स) मैसूर (द) पंजाब (पेप्सू)
उत्तर : (द)

40. अब तक किस राज्य में सर्वाधिक लम्बी अवधि तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा ?
(अ) नगालैंड (ब) जम्मू–कश्मीर
(स) असम (द) पंजाब
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

41. राष्ट्रपति शासन की सर्वाधिक बार घोषणा की गई–
(अ) इंदिरा गांधी के प्रथम शासनकाल में
(ब) इंदिरा गांधी के दूसरे शासनकाल में
(स) मोरारजी देसाई के शासनकाल में
(द) नरसिंह राव के शासनकाल में
उत्तर : (अ)

42. अनुच्छेद 356 की व्यवस्थाओं का प्रयोग करते समय राष्ट्रपति किन शक्तियों को हाथ में ले सकता है ?
1. कार्यपालिका शक्तियाँ
2. विधायी शक्तियाँ
3. न्यायिक शक्तियाँ
निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर चुनिए–
(अ) 1,2 एवं 3 (ब) 2 एवं 3
(स) 1 एवं 2 (द) 1 एवं 3
उत्तर : (स)

43. संविधान के किस अनुच्छेद के आधार पर राष्ट्रपति देश में वित्तीय आपात की घोषणा करता है ?
(अ) अनुच्छेद 352 (ब) अनुच्छेद 355
(स) अनुच्छेद 356 (द) अनुच्छेद 360
उत्तर : (द)

44. अब तक भारत में कितनी बार वित्तीय आपात की उद्घोषणा राष्ट्रपति द्वारा की गई है ?
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) अभी तक नहीं
उत्तर : (द)

45. निम्नलिखित में से कौनसी ऐसी आपात स्थिति है, जिसकी घोषणा अभी तक भारत में नहीं की गई है ?
(अ) आंतरिक अशांति के कारण उत्पन्न आंतरिक आपात स्थिति
(ब) बाहरी खतरों के कारण उत्पन्न बाह्य आपात स्थिति
(स) राज्यों में संवैधानिक व्यवस्था भंग हो जाने के कारण उत्पन्न राजकीय आपात स्थिति
(द) वित्तीय आपात स्थिति
उत्तर : (द) SSC 2002

46. वित्तीय आपात स्थिति के दौरान राज्य विधानमंडलों द्वारा पारित सभी वित्त विधेयकों को निम्नलिखित में से किसके विचारार्थ आरक्षित रखा जाता है ?
(अ) राज्यपाल (ब) प्रधानमंत्री
(स) संसद (द) राष्ट्रपति
उत्तर : (द)

47. वित्तीय आपात के दौरान राष्ट्रपति राज्य के किस प्रकार के विधेयकों की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किये जाने के लिए बाध्य कर सकता है ?
(अ) साधारण विधेयक (ब) वित्तीय विधेयक
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

48. राज्य में आपातकाल के समय राज्य का शासन किसके हाथ में रहता है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) मुख्यमंत्री
(स) प्रधानमंत्री (द) मुख्य न्यायाधीश
उत्तर : (अ) RRB 2009

49. निम्नांकित में से कौनसी तारीख को भारत के राष्ट्रपति ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उद्घोषणा द्वारा यह घोषणा की कि गंभीर आपात विद्यमान है जिसके कारण आंतकर अशांति से भारत की सुरक्षा को गंभीर खतरा है ?
(अ) 25 जून, 1975 (ब) 26 अक्टूबर, 1962
(स) 26 जून, 1975 (द) 3 दिसम्बर, 1971
उत्तर : (स) RAS/RTS 2018

www.rajstudents.com